रेल मंत्री तथा गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री द्वारा हरी झंडी दिखाकर महात्मा गांधी दर्शन पर्यटन ट्रेन (आस्था स्पेशल) का शुभारम्भ

रेल मंत्री सुरेश प्रभाकर प्रभु, मुंबई से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तथा गुजरात के मुख्यमंत्री विजयभाई रूपाणी साबरमती रेलवे स्टेशन से 'महात्मा गांधी पर्यटन ट्रेन' (आस्था स्पेशल) को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए। साथ ही इस ट्रेन का एक दृश्य भी दिखाई रहा है।

माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु द्वारा मुंबई से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तथा गुजरात राज्य के माननीय मुख्यमंत्री श्री विजयभाई रूपाणी द्वारा साबरमती रेलवे स्टेशन से शनिवार, 17 जून, 2017 को 'महात्मा गांधी पर्यटन ट्रेन' (आस्था स्पेशल) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर माननीय रेल मंत्री ने कहा कि यह हमारे राष्ट्र के लिए गर्व की बात है कि इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड तथा टूरिज्म कॉर्पोरेशन ऑफ गुजरात ने साबरमती आश्रम तथा चम्पारण सत्याग्रह की शताब्दी के पावन अवसर पर आस्था स्पेशल ट्रेन चलाने की योजना बनाई है। साबरमती स्टेशन पर गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री श्री विजयभाई रूपाणी ने उद्घाटन समारोह को सम्बोधित किया। इस अवसर पर विभिन्न गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। मुंबई के बांद्रा (पश्चिम) स्थित रेलवे अधिकारी क्लब में पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री ए.के.गुप्ता ने माननीय रेल मंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर मुंबई सेंट्रल मंडल के रेल प्रबंधक श्री मुकुल जैन तथा पश्चिम रेलवे के अन्य वरिष्ठ रेल अधिकारी भी उपस्थित थे।

आस्था स्पेशल पर्यटन ट्रेन 9 रातों और 10 दिनों की एक टूर पैकेज यात्रा है, जो 17 जून की सुबह 8 बजे से शुरू होकर 26 जून, 2017 को सुबह 7 बजे समाप्त होगी। इस टूर पैकेज का शुल्क प्रति व्यक्ति 8720 रु. है तथा इसमें ठहरने की व्यवस्था, भोजन, दर्शनीय स्थलों तक आने-जाने हेतु बसें, उद्घोषणा तथा जानकारी हेतु टूर एस्कॉर्ट तथा सभी डिब्बों में सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम शामिल हैं। यह ट्रेन 17 जून, 2017 को सुबह 8 बजे साबरमती से अपनी यात्रा शुरू करके अपनी आगे की यात्रा में आणंद, वडोदरा, भरूच तथा सूरत स्टेशनों से यात्रियों को साथ लेगी। अगले दिन वर्धा से दर्शनीय स्थलों के दौरे की शुरूआत होगी, जहाँ महात्मा गांधी 1934 से रहे तथा प्रसिद्ध सेवाग्राम आश्रम की स्थापना की। यहीं से सत्याग्रह आन्दोलन की शुरूआत भी हुई। इसके पश्चात ट्रेन बेतिया/मोतिहारी की ओर आगे बढ़ेगी, जहाँ एक गांधी संग्रहालय तथा कुछ ऐतिहासिक स्मारक हैं। छठें दिन ट्रेन गया पहुँचेगी, जहाँ प्रसिद्ध बोध गया महाबोधि मंदिर के दर्शन कराये जायेंगे। 7 वें दिन यह ट्रेन वाराणसी पहुँचेगी, जिसे एक पवित्र नगरी माना जाता है। इस दिन यात्रियों को सारनाथ तथा विश्वनाथ मंदिर के साथ साथ महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के भी दर्शन कराये जायेंगे। इसके अगले दिन यह ट्रेन इलाहाबाद पहुँचेगी, जहाँ से यात्रियों को संगम तथा आनंद भवन के दर्शन कराये जायेंगे। यह वही शहर है, जहाँ से वर्ष 1920 में असहयोग आन्दोलन की शुरूआत की गई थी। भारत के कई महान नेता एवं क्रांतिकारी इस शहर से सम्बंध रखते थे। 9 वें दिन से यह ट्रेन वापसी यात्रा में साबरमती की ओर अपनी यात्रा प्रारम्भ करेगी।

डा. महेश शर्मा ने मथुरा के गोवर्द्धन ब्लायक से भारत के सांस्कृतिक मानचित्रण अभियान का शुभारंभ किया

केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डा महेश शर्मा ने उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में गोवर्द्धन ब्लाक में खंड स्तरीय विशाल प्रतिभा खोज कार्यक्रम के उद्घाटन के साथ ही भारत के सांस्कृतिक मानचित्रण अभियान का शुभारंभ किया। उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्रीयुत श्रीकांत शर्मा, मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और पद्म, संगीत नाटक अकादमी के कलाकारों सहित जाने-माने प्रसिद्ध कलाकार और राज्य के पुरस्कार विजेता, इस अवसर पर मौजूद थे। यह अभियान एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के बैनर तले शुरू किया गया है। संस्कृति मंत्रालय ने इसकी शुरूआत पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जन्म सदी वर्ष मनाने के हिस्से के रूप में की थी, जो मथुरा से सम्बद्ध थे।

खंड स्तरीय इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कलाकारों ने हिस्सा लिया। उन्होंने अपने को पंजीकृत करते हुए पंजीकरण प्रमाणपत्र/स्लिप/कोड भी प्राप्त किया। पंजीकृत कलाकारों को एक मंच प्रदान किया गया ताकि वे अपनी प्रस्तुती देते हुए अपनी प्रतिभा प्रदर्शित कर सकें। विभिन्न कलारूपों में प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए जाने माने कलाकारों को निर्णायकों के पैनल के रूप में आमंत्रित किया गया था। पंजीकरण की सुविधा सीधे पोर्टल culturalmappingofindia.nic.in पर करने की सुविधा प्रदान की गयी। जो कलाकार किसी कारणवंश पोर्टल पर स्वयं का और अपनी कला का पंजीकरण नहीं कर पाए थे, उनकी खोज के लिए गोवर्धन ब्लॉक के सभी 47 गांवों में गणनाकारों की टीमें भेजी गयी थीं।

मेनका संजय गांधी ने देशभर के आंगनवाड़ी केन्द्रों में योग दिवस समारोह का शुभारंभ किया

महिला और बाल विकास मंत्री श्रीमती मेनका संजय गांधी ने आज देशभर के आंगनवाड़ी केन्द्रों में योग दिवस समारोहों का शुभारंभ किया। उन्होंने आज सुबह नई दिल्ली के पीरागढ़ी क्षेत्र में एक आंगनवाडी केन्द्र में बच्चों और अंतराष्ट्रीय योग दिवस-2017 के आकर्षक शुभंकर के साथ योग सत्रों में हिस्सा लिया। इस आंगनवाड़ी केन्द्र में योग जागरूकता और योग उत्सव में करीब 150 बच्चों ने हिस्सा लिया। महिला और बाल विकास मंत्रालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी योग सत्र में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

देशभर के आंगनवाड़ी केन्द्र अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोहों में हिस्सा लेंगे। महिला और बाल विकास मंत्रालय ने देशभर में 13.52 लाख आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से करीब 10 करोड़ लाभार्थियों को योग के फायदों से अवगत कराने का अभियान शुरू किया है। इतना ही नहीं आंगनवाड़ी के बच्चों को भी नियमित रूप से योगाभ्यास का महत्व समझाया जायेगा ताकि वे अपने जीवन में योग को अपना सकें। आज के कार्यक्रम की खास बात यह रही कि आदम कद शुभंकर, योगीराज ने महिला और बाल विकास मंत्री तथा बच्चों के साथ योगासन किए। योगीराज का डिजाइन आयुष मंत्रालय के अंतर्गत अनुसंधान और प्राकृतिक चिकित्सा परिषद ने तैयार किया है।

जोशटॉक और फेसबुक द्वारा अहमदाबाद में जोशटोक का आयोजन

अहमदाबाद। 18 जून को फेसबुक और जोशटॉक ने मिलकर जोशटॉक का होटल प्राइड में आयोजन किया। इस एक दिवसीय कॉन्फ्रन्स में हर प्रकार के विषयों को शामिल कर भारत के बारे में व्यापक बाते की गई और ऐसे लोग जिन्होंने देश के लिए समाज के लिए कुछ अच्छा किया है वह लोगों को अपनी बात के माध्यम से बताया। फेसबुक के इकोनोमिक ग्रोथ इनीशियेटीव के हेड रजत अरोरा द्वारा इस कॉन्फ्रन्स की शुरूआत की गई और उन्होंने बताया कि, फेसबुक एन्टरप्रिन्योरशीप के आसपास नौकरी की समस्या का हल करना चाहते है।

जोशटॉक के को-फाउन्डर सुप्रिय पौल बताया कि, जोशटॉक का मुख्य उद्देश्य कहानी के माध्यम से नए विचार, नई कहानी और नए अवसर के बारे में लोगों को जानकारी देना है और इसी हेतु से टायर-2 और टायर-3 शहरों में यह शो आयोजित किया गया। जोशटॉक अहमदाबाद यह गुजरात की जनता को एकसाथ लाया और उन्हें बताया कि, आज दुनिया में क्या हो रहा है। इसके लिए एक कदम है।

अरुणा चंद्रशेखर जो भारत में एम्नेस्टी इंटरनेशनल में वरिष्ठ संशोधक है जो मानव अधिकारों पर व्यापार का असर पर कार्य कर रहे है। उन्होंने मानव अधिकारों के बारे में बात की और आज के युवाओं पर शोध और मानव अधिकारों पर व्यापार के असर के बारे में जानकारी दी। (13-9)

अहमदाबाद के लड़के ने ओफ रोड एडवेन्चर्स के लिए परफेक्ट ई- बाइक्स तैयार की

अहमदाबाद: शहर स्थित लाइटस्पीड मोबिलिटी आपके लिए इलेक्ट्रीक बाइक्स लेकर आया है। जो पेडल आसिस्ट है और अन्य फिचर्स की तमाम रेन्ज इसमें है। यह वर्तमान में लाइटस्पीड जीएलवायडी और लाइटस्पीड डीआरवायएफटी इस तरह दो वेरिएन्ट में उपलब्ध हैं। जीलवायडी किसी भी शहरी कम्प्युटर्स का ड्रिम बनेगी क्योंकि रोजाना शहरी ट्राफिक जाम से यह बचाती हैं जबकि डिआरवायएफटी एडवेन्चर चाहनेवाले लोगों के लिए हैं।

मोबिलिटी प्रा. लि. कुशलतापूर्वक डिजाइन हुआ ई-बाइक्स विविध फिचर्स सहित बाइकर्स के तमाम प्रोब्लेम दूर करता हैं । यह ई-बाइक्स हाल में क्राउडफँड फ्युलएड्रीमडोटकॉम पर उपलब्ध हैं जो एक फंड रेइज करने हेतु का प्लेटफार्म है जहां विचार एवं इनोवेशन को प्रोत्सहित किया जाता है। बाइक्स केटेगरी में ही फ्युलअड्री में अब तक में एक करोड रुपए एकत्र हुए हैं।

लाइटस्पीड केम्पेन का शउरुआती लक्ष्य रू. 1500000 का है और केम्पेन में अब तक में रू. 10 लाख 20 दिन में प्रीओडर्स के रुप में प्राप्त हुए है। जीएलवायडी रू. 27999 और डीआरवायएफटी रू. 37999 में उपलब्ध हैं पूर्व में अर्लीफैंडर्स के ठिए क्रमश: रू. 24999 और रु. 34999 में उपलब्ध था। (4-5)

जल संसाधन मंत्रालय और उत्तर प्रदेश के अधिकारियों के समूह कानपुर के चमड़ा उद्योग के कारखानों को स्थानांतरित करने के मुद्दे पर व्यापक चर्चा करेंगे

केन्द्रीय जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्री सुश्री उमा भारती ने कहा है कि उनके मंत्रालय तथा उत्तर प्रदेश के उच्च अधिकारियों का दल कानपुर चमड़ा उद्योग के कारखानों को स्थानांतरण करने के मुद्दे पर व्यापक चर्चा करेगा। अपने मंत्रालय के तीन वर्षों की उपलब्धियों पर नई दिल्ली में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री महोदया ने आशा व्यक्त की कि जल संसाधन मंत्रालय तथा उत्तर प्रदेश के अधिकारी अगले सप्ताह इस मुद्दे पर विचार-विमर्श करेंगे।

गंगा अधिनियम के प्रारूप पर सुश्री भारती ने कहा कि उनका मंत्रालय अंतिम निर्णय लेने से पूर्व सभी पक्षों से चर्चा करेगा। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया शीघ्र ही पूरी हो जाएगी और इससे संबंधित विधेयक को जल्द ही संसद में प्रस्तुत किया जाएगा। सुश्री भारती ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि मंत्रालय ने गंगा नदी के ई-प्रवाह की रिपोर्ट प्राप्त कर ली है और इसका अध्ययन किया जा रहा है। सुश्री भारती ने बताया कि देश की सभी नदियों के लिए एक समान ई-प्रवाह स्तर की अनुशंसा की गई है। पंचेश्वर परियोजना के संबंध में जल संसाधन मंत्री ने कहा कि इस परियोजना में पर्यटन की असीमित संभावनाएं है जिसका उपयोग इस परियोजना से निर्वासित हुए लोगों के पुनर्वास के लिए किया जाएगा। आसाम की माजूली नदी द्वीप परियोजना के संबंध में मंत्री महोदया ने बताया कि इस परियोजना को लोगों की सक्रिय भागीदारी से लागू किया जाएगा।

डब्ल्यूडब्ल्यूआई द्वारा डिज़ाइन स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया की अवधि बढ़ी

व्हिसलिंग वूड्स इंटरनेशनल (डब्ल्यूडब्ल्यूआई) द्वारा डिज़ाइन क्षेत्र में रुचि रखने वाले और अपने करियर बनाना चाहते युवाओं के लिए एडमिशन के लिए अवधि बढ़ाई गई है। इसके लिए डिग्री और डिप्लोमा कोर्स को द टाटा इंस्टीट्युट ऑफ सोश्यल साइन्सिस की मान्यता प्राप्त है।

फूल-टाइम प्रोग्राम्स गोरेगांव पूर्व, मुंबई में फिल्मसिटी कॉम्पलेक्स स्थित डब्ल्युडब्ल्युआई के कैम्पस में ऑफर की जाएगी। इसके लिए वर्ग जुलाई 2017 से शुरू होंगे।

इस कोर्स के लिए 21 जून बुधवार को प्रवेश परीक्षा ली जाएगी। इसमें पसंद किए गए उम्मीदरों की सूचि 23 जून शुक्रवार को जारी की जाएगी और पसंद किए गए उम्मीदवारों के लिए प्रवेश प्राप्त करने की अंतिम तारीख 30 जून-शुक्रवार है। (19-8)

टाइम्स प्रो और आजिंक्य डीवाई पाटिल यूनिवर्सिटी का इंटग्रेटिड बीबीए/एमबीए

टाइम्स प्रो ने आजिंक्य डीवाई पाटिल यूनिवर्सिटी के साथ शैक्षणिक गठजोड़ कर इंटग्रेटिड बीबीएएमबीए (ड्यूल डिग्री) प्रोग्राम शुरू किया है। यह पांच साल का (बीबीएएमबीए) प्रोग्राम 12वीं पास एमबीए की फास्ट ट्रैक छात्रों के लिए विशेषतौर पर बनाया गया है।

चुनौतियां स्वीकार करने वाले प्रबंधन कौशल की बढ़ती मांग और कौशल की कमी बरकरार है। यह प्रोग्राम कंपनियों को इंटरनेशनल ओपरेशन में चुनौतियों के मद्देनजर भी बनाया गया है। यह प्रोग्राम देश भर में बीबीए करने की चाहत रखने वालों के लिए वरदान है। इसमें क्लासरूम लर्निंग के साथ साथ जमीनी स्तर पर भी अनुभव दिया जाएगा। इससे छात्र वर्किंग प्रोफेशनल की तरफ भी आहिस्ता-आहिस्ता बढ़ते जाते हैं। इस लचीले प्रोग्राम में छात्रों के पास यह अवसर होगा कि वे अगर वे तीन साल के पाठ्यक्रम के बाद कोई और करियर अपनाना चाहते हैं तो वे बीबीए की डिग्री लेकर भी जा सकते हैं।

आजिंक्य डीवाई पाटिल यूनिवर्सिटी की गवर्निंग बाडी के के हृदयेश देशपांडे ने कहा तेजी से बदलती कांप्लेक्स दुनिया में चुनौतियां स्वीकार करने वाले और अपनी बेहतरी के लिए प्रयासरत छात्रों को ग्रेजूएशन डिग्री देना हमारा मिशन है। (13-9)

Sony Pix FPC Listing 20th June,2017

India	20/Jun/17
Time	Tuesday
6:48 AM	LINCOLN
9:07 AM	WHAT'S LOVE GOT TO DO WITH IT
11:05 AM	SWING KIDS
1:00 PM	WE ARE YOUR FRIENDS
2:39 PM	MILES AHEAD
4:19 PM	COUNTRY STRONG
6:16 PM	WORRIED ABOUT THE BOY
7:41 PM	GRAND PIANO
9:00 PM	THE HOLIDAY
11:08 PM	BEYOND VALKYRIE: DAWN OF THE 4TH REICH
12:48 AM	HER
2:39 AM	COUNTRY STRONG
4:36 AM	PIRATE RADIO

छुट्टी

दिनांक : 20 जून

समय : 9 PM

सारांश : अलग-अलग देशों की दो लड़कियां छुट्टियों के लिए घरों को स्वैप करती हैं ताकि वे अपने रिश्ते के मुद्दों से दूर हो जाएं। हालांकि, जब वे मिलते हैं और दो स्थानीय लोगों के साथ प्यार में गिर जाते हैं, तो उनका जीवन अप्रत्याशित रूप से बदल जाता है।

संपादक-चुनीलाल एस. भट्ट, मुद्रक एवं प्रकाशक-मयुर सी. भट्ट, प्रकाशन स्थल-201, 202, 208 नंदन कोम्प्लेक्ष, मीठाखली, अहमदाबाद-6. मालिक-कल्याणी पब्लिकेशन प्रा.लि. द्वारा महादेव ऑफसेट, बी-4, रवि एस्टेट, रूस्तम मिल कम्पाउंड, दूधेश्वर, अहमदाबाद में छपवाकर प्रकाशित किया। फोन-26568477, 26409779. E : alpaviram1@yahoo.com

प्रधानमंत्री ने पुर्तगाल में जंगल की आग से लोगों की मृत्यु पर अफ़सोस जताया

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पुर्तगाल में जंगल की आग से हुए जानमाल के नुकसान पर अफ़सोस जताया है।

प्रधानमंत्री ने कहा, पुर्तगाल में जंगल की आग से लोगों के दु-खद मौत के बारे में जानकार काफी अफ़सोस हुआ। इस त्रासदी पर पुर्तगाल के लोगों के लिए गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।

आईडीबीआई बैंक ने लांच किया विनिंग रूपे सेलेक्ट क्रेडिट कार्ड

मुंबई, आईडीबीआई बैंक ने विनिंग रूपे सेलेक्ट क्रेडिट कार्ड लॉन्च करने की घोषणा की जो यात्रा, शॉपिंग और खाने जैसे विशेषाधिकार की एक श्रृंखला प्रदान करती है. यह हर खर्च पर पुरस्कार अंक पाने में सक्षम बनाती है. ये क्रेडिट कार्ड भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के सहयोग से लांच किया गया है. यह उत्पाद वीजा और मास्टरकार्ड द्वारा प्रदान किए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड के समान है.

विनिंग रूपे सेलेक्ट क्रेडिट कार्ड एक प्रीमियम क्रेडिट कार्ड संस्करण है और इंटरनेशनल कार्ड नेटवर्क के प्रीमियम कार्ड वेरिएंट्स के बराबर है, जैसे वीसा सिग्नेचर और मास्टरकार्ड वर्ल्ड.

विनिंग रूपे सेलेक्ट क्रेडिट कार्ड कई विशेषाधिकारों और पेबैक के साथ आता है, जो नीचे सूचीबद्ध हैं-

वेलकम बेनेफिट (स्वागत लाभ) (नकद वापसी, खुशी अंक, उपहार वाउचर, छूट)

कंप्लीमेंटरी घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय लाउंज कार्यक्रम

समय-समय पर कैश बैक (उपयोगिता बिल भुगतान, भोजनालय और रेस्तरां, मोबाइल वॉलेट, ईंधन अधिभार)

मुफ्त फिल्म टिकट (दूसरे और चौथे सप्ताहांत पर बाए वन गेट वन)

24ध्7 कंसीयज सेवाएं

व्यापक बीमा कवर 10 लाख तक.

जन्मदिन के महीना पर डबल डिलाइट प्वायंट

डिजिटल भुगतानों पर जोर और लेस कैश समाज के उद्देश्य के साथ, आईडीबीआई बैंक ने ये कार्ड लॉन्च किया है. इस क्रेडिट कार्ड का प्रमुख लाभ इसका उच्च स्तर की स्वीकृति और रुपे ब्रांड की ताकत हैं. ये सभी एक उन्नत उत्पाद अनुभव में योगदान करेंगे.

आईडीबीआई बैंक के पास वर्तमान में चार प्रकार के क्रेडिट कार्ड हैं, रॉयल सिग्नेचर क्रेडिट कार्ड, अस्पायर प्लैटिनम क्रेडिट कार्ड, यूफोरिया वर्ल्ड क्रेडिट कार्ड और इम्पिरियम सिक्योरिटी प्लैटिनम क्रेडिट कार्ड. (1)

We are a leading regional Multiple System Operator (MSO) in India#, offering cable television and broadband services. We are the number one MSO in Gujarat and the number two MSO in Kolkata and Howrah. Apart from offering third party content, we also produce and broadcast our own content on our local channels. In 2007, Hathway acquired a 50% share of our business. As of January 31, 2017, our digital cable television services reached 189 towns across India. GTPL Hathway provides cable television signals either directly or through affiliated Local Cable Operators.

GTPL's digital services platform is supported by our owned inter and intra city optical fiber cable network. With a high quality infrastructure network, balanced local and regional content and strong traction on digitization GTPL Hathway is endeavoring to grow its subscriber base in existing markets and enter new geographies.

#Source: MPA Report

The GTPL Hathway Numbers**
- Approximately 6.55 million set top boxes seeded (as of January 31, 2017)
- Approximately 5.69 million active digital cable subscribers (as of January 31, 2017)
- 228, 217 broadband subscribers (as of January 31, 2017) (based on the number of broadband subscribers of our Subsidiary, GTPL Broadband Private Limited; the broadband business of our Company was transferred to GTPL Broadband Private Limited with effect from April 1, 2016).
- Offered up to 285 pan-India standard definition channels and 158 regionally-transmitted standard definition channels (as of January 31, 2017)
- Offered up to 32 pan-Indian high definition channels and 39 regionally-transmitted standard definition channels (as of January 31, 2017)
- Owned and operated 27 channels offering localized content (as of January 31, 2017)
- Right to place the "Gujarat News" Channel on network
- Owned inter and intra city optical fiber cable network of approximately 5,406 kilometers on a consolidated basis (as of January 31, 2017)
- Leased inter and intra city optical fibre cable network of approximately 3,615 kilometres on a standalone basis (as of January 31, 2017)

**Source: KPMG-FICCI Report

Number 1 MSO in Gujarat*
Number 2 in Kolkata & Howrah*
Presence across 10 states
*In 2015, Source: MPA Report

WE CALL IT THE GTPL RIGHT OF WAY !

GTPL
Digital Cable TV | Broadband
GTPL HATHWAY LIMITED
www.gtpl.net

Adfactors 249

GTPL HATHWAY LIMITED is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirement, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offer of its Equity Shares and has filed the Red Herring Prospectus ("RHP") with the Registrar of Companies. The RHP is available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, as well as on the websites of the Book Running Lead Managers i.e. at www.jmfl.com, www.bnpparibas.co.in, www.motilaloswalgroup.com and www.yesinvest.in, and the websites of the stock Exchanges at BSE at www. bseindia.com and NSE at www.nseindia.com. Potential investors should note that investment in Equity Shares involves a high degree of risk, and for details relating to such risks, potential investors should refer to the section titled "Risk Factors" begining on page 17 of the RHP.
This announcement is not for publication or distribution, directly or indirectly, in or into the United States (including its territories and possessions, any state of the United States and the District of Columbia). This announcement does not constitute an offer of securities for sale in any jurisdiction, including the United States, and any securities described in this announcement may not be offered or sold in the United States absent registration under the U.S. Securities Act of 1933, as amended, or an exemption from such registration. Any public offering of securities to be made in the United States will be made by means of a prospectus that may be obtained from the issuer or selling security holder and that will contain detailed information about the company and management, as well as financial statements. No public offering or sale of securities in the United States is contemplated.